# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

## प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

मॉडल प्रश्नपत्र सेट 1

| कक्षा- 09 | विषय- सामाजिक विज्ञान | समय - 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश:-

- कुल 40 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

1. 1815 ई० में किस युद्ध में फ्रांस की हर हुई?

क .वॉटरलू ख .न्यू ओरेलिंस

ग .वेरडून घ .हॉर्स शू बेंड

2. क्रांति से पहले फ्रांसीसी समाज कितने वर्गों में विभक्त था?

क .दो ख .तीन

ग .चार घ .पाँच

3. चर्च के विशेष कार्य को करने वाले व्यक्तियों के समूह को क्या कहा जाता था?

क .सामंत वर्ग ख .सर्वहारा वर्ग

ग .पादरी वर्ग घ .जदीदी

4. फ्रांस का संविधान किस वर्ष बना?

क 1771 .ई0 ख 1781 .ई0

ग 1791 .ई0 घ 1801 .ई0

5. फ्रांस में 1793 से 1794 ई 0के मध्य के काल को किस नाम से जाना जाता है?

क .आतंक का राज ख .निरंकुश राज

ग .गणतांत्रिक राज घ .तानाशाही राज

6. 1917से पूर्व रूस पर किसका शासन था?

क .जार निकोलसI ख .जार निकोलसII

ग .जार निकोलसIII घ .जार निकोलसIV

7. रूसी संसद का क्या नाम था?

क .संसद भवन | ख .कांग्रेस

ग .पार्लियामेंट | घ .ड्यूमा

8. **" बोल्शेविक पार्टी "**का नेता कौन था?

क .लेनिन | ख .केरेंस्की

ग .जार निकोलस II | घ .कार्ल मार्क्स

9. रूसी क्रांतिकारियों के मुख्य उद्देश्य क्या थे?

.I प्रथम विश्व युद्ध से रूस को हटाना

.II जमीन किसानों को देना

.III कारखानों पर मजदूरों का नियंत्रण

.IV गैर रूसी जातियों को समानता का दर्जा देना

क I .औरII | ख II .औरIII

ग III .औरIV | घ .उपर्युक्त सभी

10. **"खूनी रविवार "**के नाम से किस दिन को जाना जाता है?

क 1 .जनवरी1905 , | ख 9 .जनवरी1905 ,

ग 15 .जनवरी1905 , | घ 20 .जनवरी 1905 ,

11. भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?

(क) 4.2 प्रतिशत | (ख) 2.4 प्रतिशत

(ग) 2.2 प्रतिशत | (घ) 1.7 प्रतिशत

12. भारत की मानक याम्योत्तर रेखा कौन सी रेखा है?

(क) 23.30 अंश उत्तरी अक्षांश | (ख) 23.30 अंश दक्षिणी अक्षांश

(ग)82.30 अंश पूर्वी देशांतर | (घ) इनमें से कोई नहीं

13. कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती है?

(क) गुजरात | (ख) मध्य प्रदेश

(ग) झारखण्ड | (घ) ओडिशा

14. विश्व का सबसे ऊँचा शिखर माउंट एवरेस्ट किस देश में स्थित है?

(क)भारत | (ख) चीन

(ग) नेपाल | (घ) पाकिस्तान

15. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर समुद्र से घिरा हो-

(क) द्वीप (ख) तट

(ग) प्रायद्वीप (घ) इनमें से कोई नहीं

16. बाढ़ वाले मैदानों के नये तथा युवा निक्षेपों को किस नाम से जाना जाता है?

(क) भाबर (ख) भांगर

(ग) खादर (घ) तराई

17. गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिम तटीय पट्टी को किस नाम से जाना जाता है?

(क) कोरोमण्डल (ख) कन्नड़

(ग) कोंकण (घ) उत्तरी सरकार

18. किस द्वीप का निर्माण प्रवाल भित्ति से हुआ है?

(क) लक्ष्यद्वीप (ख) अंडमान द्वीप

(ग) निकोबार द्वीप (घ) उपरोक्त सभी

19. विश्व की सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी किस नदी का है?

(क) अमेजन (ख) नील

(ग) सिंधु (घ) गंगा

20. कौन सी नदी अरब सागर में गिरती है?

(क) गंगा (ख) यमुना

(ग) नर्मदा (घ) गोदावरी

21. लमपुर गांव की कितनी प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर आश्रितहै?

क 25% ख 35%

ग 75% ग 100%

22. खरीफ फसल की अवधि क्या है?

क जून से अक्टूबर ख नवंबर से अप्रैल

ग अप्रैल से अगस्त ग इनमें से कोई नहीं

23. हरित क्रांति का संबंध है :-

क खाद्यान्न के उत्पादन से    ख तिलहन के उत्पादन से

ग दूध के उत्पादन से    ग मत्स्य पालन से

24. निम्न में से कौन कार्यशील पूँजी का उदाहरण है?

क औजार    ख भवन

ग नकद पैसा तथा कच्चा माल    ग मशीन

25. निम्नलिखित में से कौन एक गैर कृषि क्रिया है?

क खेतों की जुताई करना    ख सिंचाई करना

ग फसल की देखभाल करना    ग खाद एवं बीज की बिक्री

26. नीचे दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िएः

कथन 1=जब मानव संसाधन को शिक्षा तथा स्वास्थ्य के द्वारा विकसित किया जाता है,तब इसे मानव पूंजी निर्माण कहते हैं।

कथन 2=मानव पूँजी में निवेश, भौतिक पूँजी की भांति ही प्रतिफल प्रदान करता है।

क केवल कथन 1 सही है

ख केवल कथन 2 सही है

ग कथन 1 और कथन 2 दोनो सही है

घ कथन 1 और 2 दोनों गलत है

27. किस प्रकार की जनसंख्या अर्थव्यवस्था की परिसंपत्ति है?

क शिक्षित एवं स्वस्थ जनसंख्या

ख शिक्षित एवं अस्वस्थ जनसंख्या

ग अशिक्षित एवं स्वस्थ जनसंख्या

ग इनमें से कोई नहीं

28. नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा कथन बेरोजगारी को सही तरीके से परिभाषित करता है

क जब प्रचलित मजदूरी की दर से कम मजदूरी पर लोग काम करते हैं।

ख जब प्रचलित मजदूरी की दर पर काम करने के इच्छुक व्यक्ति को रोजगार नहीं मिलता।

ग जब व्यक्ति को अपनी रुचि के मुताबिक काम नहीं मिलता।

ग जब डिग्री धारक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुरूप कार्य एवं वेतन नहीं मिलता।

29. प्राथमिक शिक्षा में नामांकन के लिए कौन से कार्यक्रम चलाए गए हैं?

क सेतु पाठ्यक्रम
ख स्कूल लौटो शिविर
ग क एवं ख दोनों
ग इनमें से कोई नहीं।

30. मौसमी बेरोजगारी से क्या तात्पर्य है?

क जब उच्च डिग्रीधारक को रोजगार नहीं मिलता है।
ख जब किसी खास फसली मौसम में ही रोजगार मिलता है।
ग जब वर्ष के कुछ महीनों में रोजगार प्राप्त नहीं होता है।
घ जब वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है।

31. लोकतंत्र का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(क) कानून का शासन
(ख) राजा का शासन
(ग) लोगों का शासन
(घ) कुछ विशेष लोगों का शासन

32. इनमें से कौन लोकतंत्र की विशेषता नहीं है?

(क) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावी मुकाबला
(ख) एक ही राजनीतिक दल का शासन
(ग) एक व्यक्ति -एक वोट-एक मोल
(घ) कानून का राज और अधिकारों का आदर

33. इनमें से कौन सा कथन गलत है?

क. लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रुप है जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते हैं।
ख. लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास ही होनी चाहिए।
ग. लोकतंत्र शासन का एक रुप है जिसमें वंशानुगत शासक द्वारा शासन चलाया जाता है।
घ. लोकतंत्र शब्द की उत्पत्ति डेमोक्रेसी से हुई है।

34. इनमें से कौन सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा नहीं है?

क. लोकतंत्र मतभेदों और टकरावों का संभालने का तरीका उपलब्ध कराता है।

ख. लोकतांत्रिक शासन पध्दति दूसरों से बेहतर है क्योंकि यह शासन का अधिक जवाबदेही वाला स्वरुप है।

ग. लोकतंत्र बेहतर निर्णय लेने की संभावना बढ़ाता है।

घ. लोकतंत्र नागरिकों का सम्मान नहीं बढ़ाता है।

35. पाकिस्तान में जनरल परवेज मुर्शरफ ने कब सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की?

(क) 1992 ई० (ख) 1994 ई०

(ग) 1996 ई० (घ) 1999 ई०

36. दक्षिण अफ्रीका कब स्वतंत्र हुआ?

(क) 1991 ई० (ख) 1992 ई०

(ग) 1993 ई० (घ) 1994 ई०

37. रंगभेद की नीति इनमें से किस देश में प्रचलित थी?

(क) श्रीलंका (ख) दक्षिण अफ्रीका

(ग) जिंबाब्वे (घ) चीन

38. भारतीय संविधान सभा में सदस्यों की संख्या कितनी थी?

(क) 324 (ख) 250

(ग) 299 (घ) 385

39. लोकतांत्रिक संविधान में इनमें से कौन-सा प्रावधान नहीं रहता?

क. शासन प्रमुख के अधिकार

ख. शासन प्रमुख का नाम

ग. विधायिका के अधिकार

घ. देश का नाम

40. भारतीय संविधान सभा ने किस दिन अपना काम पूरा कर लिया?

(क) 26 नवंबर 1947 (ख) 26 नवंबर 1948

(ग) 26 नवंबर 1949 (घ) 26 नवंबर 1950